कार्यालय निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा/प्रार/S/06/14565/2017/015 दिनांक 19/07/2017

प्रधानाचार्य,
समस्त–डाइट

विषयः–एसआईक्यूई के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन शिक्षक प्रशिक्षण 2017–18 के उपयोग हेतु क्रय की गई बायोमेट्रीक मशीन के उपयोग के संबंध में

उपर्युक्त विषयान्तर्गत क्रम में लेख है कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार की योजनानुसार वर्ष 2017–18 में ग्रीष्मावकाश शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 1 से 5 में अध्यापन कार्य कराने वाले शिक्षकों हेतु ग्रीष्मावकाश में एसआईक्यूई के अंतर्गत शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित किये जा चुके है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रशिक्षण की उपयोगिता बनाये रखने एवं उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु बायोमेट्रीक मशीन के द्वारा संभागियों की उपस्थिति दर्ज की जानी थी। इस बाबत समस्त डाइट प्रधानाचार्यो को बायोमेट्रीक मशीन क्रय कर इसके उपयोग हेतु कार्यालय निदेशालय प्रारम्भिक शिक्षा के पत्रांक शिविरा/प्रार/शिप्र/4483/TEAB/ 2017 दिनांक 04.05.2017 द्वारा निर्देशित किया गया था।

वर्तमान सत्र के ग्रीष्मावकाश शिक्षक प्रशिक्षण को प्रभावी बनाने में बायोमट्रीक मशीन का अत्यधिक महत्व रहा है। अतः इन मशीनों को आगामी शिक्षक प्रशिक्षणों में भी उपयोग में लिया जाना है। वर्तमान समय में बायोमेट्रीक मशीन का उपयोग जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक शिक्षा) कार्यालय एवं बी0आर0सी0एफ0 कार्यालयों में नियमित उपस्थिति दर्ज कराने में लिया जाना सुनिश्चित करें। भविष्य में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण की अवधि में उक्त कार्यालयों से आवश्यक्तानुसार मशीनों को उपयोग में लिया जा सकेगा।

अतः आपके जिले के जिला शिक्षा अधिकारी,प्रारम्भिक शिक्षा एवं बीआरसीएफ कार्यालय में एक–एक मशीन के उपयोग में लिये जाने के बाद शेष रही समस्त बायोमेट्रिक मशीनों को संकलित कर सुरक्षित रखना सुनिश्चित करें।

संलग्न–उपरोक्तानसुार

निदेशक
प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर

प्रतिलिपिः–

01. निजी सचिव,शासन सचिव,स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग,राजस्थान,जयपुर।
02. निजी सचिव,आयुक्त,राज0प्रारम्भिक शिक्षा परिषद,जयपुर।
03. संयुक्त शासन सचिव,प्रारम्भिक शिक्षा(आयोजना)विभाग,जयपुर।
04. निजी सहायक अतिरक्त आयुक्त,राज0प्रारम्भिक शिक्षा परिषद,जयपुर।
05. उप निदेशक,प्रारम्भिक शिक्षा–समस्त
06. जिला शिक्षा अधिकारी,प्रारम्भिक शिक्षा, समस्त
07. रक्षित पत्रावली

निदेशक
प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर

www.rajteachers.com